वेबसाइटः www.bankofbaroda.in **ईमेल:** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/**Place:** Delhi तारीख/**Date**: 26.03.2024

प्रेस विज्ञप्ति /Press Release

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने दिल्ली में तीन मेट्रो स्टेशनों के लिए सह-ब्रांडिंग के अधिकार हासिल किए

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा को इंद्रलोक, साउथ एक्सटेंशन और राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन में सह-ब्रांडिंग करने का अधिकार दिया

दिल्ली, 26 मार्च, 2024: भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने आज दिल्ली के तीन मेट्रो स्टेशनों, यानी इंद्रलोक, साउथ एक्सटेंशन और राजौरी गार्डन के लिए विशेष सह-ब्रांडिंग अधिकार हासिल होने की घोषणा की। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) की ओर से बैंक को अपने नाम का उल्लेख करने का यह अधिकार प्रदान किया, जो वर्ष 2024 से शुरू होकर अगले 10 सालों की अवधि के लिए दिया गया है।

श्री अजय के. खुराना, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के साथ सुश्री मीनाक्षी भोग, उप महाप्रबंधक – पीबी, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर नए स्टेशन ब्रांडिंग का उद्घाटन किया।

दिल्ली मेट्रो भारत की सबसे बड़ी और सबसे अधिक व्यस्त मेट्रो रेल सेवा है, जिसमें हर दिन 60 लाख से अधिक यात्री यात्रा करते हैं। इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन, दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन (दिल्ली मेट्रो की पहली लाइन, जिसका उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था) और ग्रीन लाइन को जोड़ने वाला एक इंटरचेंज मेट्रो स्टेशन है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इंद्रलोक स्टेशन से इंद्रप्रस्थ स्टेशन तक - दिल्ली मेट्रो चरण-IV के एक नए कॉरिडोर को भी मंजूरी दे दी है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक, श्री अजय के खुराना ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "दिल्ली मेट्रो हर दिन यात्रा करने वाले लाखों यात्रियों के जीवन का अहम हिस्सा है और हमें तीन प्रमुख

स्टेशनों के लिए सह-ब्रांडिंग का अधिकार हासिल करते हुए बेहद खुशी हो रही है। दिल्ली मेट्रो की तरह बैंक ऑफ़ बड़ौदा के लिए भी नई दिल्ली अंचल नीतिपरक रूप से काफी महत्व रखता है, जिसके परिचालन का क्षेत्र दिल्ली से बाहर गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा और गाजियाबाद तक फैला हुआ है। दिल्ली मेट्रो के साथ हमारी यह साझेदारी, बैंक की ब्रांड विजिबिलिटी को बढ़ाने और लोगों के बीच इसकी छवि निर्माण करने के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के नागरिकों के साथ हमारे जुड़ाव को और मजबूत बनाने में काफी मददगार साबित होगा।"

साउथ एक्सटेंशन मेट्रो स्टेशन पिंक लाइन पर स्थित है, जबकि राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन एक इंटरचेंज स्टेशन है, जहां दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन पिंक लाइन से जुड़ती है।

बैंक को सह-ब्रांडिंग के विशेष अधिकारों के अलावा, अपने प्रोडक्ट्स की ब्रांडिंग और उन्हें प्रदर्शित करने के साथ-साथ ग्राहकों की सेवा के लिए एटीएम/डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू)/कियोस्क की स्थापना हेतु विशेष स्थान भी उपलब्ध होगा।

About Bank of Baroda

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of ~165 million through over 70,000 touch points spread across 17 countries in five continents and through its various digital banking platforms, which provide all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The Bank's vision matches the aspirations of its diverse clientele base and seeks to instil a sense of trust and security in all their dealings with the Bank.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

For media queries, please contact:
Bank of Baroda: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations: Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com